स्थापित - 1948
हिन्दुस्थान समाचार
Hindusthan Samachar
बहुभाषी न्यूज एजेंसी
Saturday, July 17, 2021



# केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने साहित्य अकादमी मुख्यालय का किया निरीक्षण



**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (हि.स.)। केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को दिल्ली के रवींद्र भवन स्थित साहित्य अकादमी मुख्यालय का निरीक्षण किया। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने उनका स्वागत अंगवस्त्रम और पुस्तकें भेंट करके किया। मंत्री मेघवाल साहित्य अकादमी मुख्यालय में लगभग तीन घंटे तक रहे और अकादमी की बुक शॉप और सभागार आदि का भी निरीक्षण किया।

मंत्री ने पहले साहित्य अकादमी के उपस्थित कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उसके बाद सचिव द्वारा अकादमी के बारे में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन दिया गया, जिसके अंतर्गत साहित्य अकादमी की गतिविधियों, उसकी उपलब्धियों एवं साहित्य अकादमी के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने प्रस्तुति को ध्यानपूर्वक देखा और अपनी राय से अवगत कराया। उन्होंने साहित्य अकादमी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले कार्यक्रम ग्रामालोक की प्रशंसा करते हुए इसे और व्यापक बनाने तथा पुस्तक प्रदर्शनी की संख्या बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने स्वाधीनता के अमृत महोत्सव को व्यापक रूप से पूरे देश में आयोजित करने का भी निर्देश दिया।

**हिन्दुस्थान समाचार/पवन कुमार अरविंद**

दैनिक भास्कर



# संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया साहित्य अकादेमी का निरीक्षण

भास्कर ब्यूरो
दिल्ली
Updated On : Sat 17th July 2021, 09:34 AM



नई दिल्ली। संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने साहित्य अकादेमी का निरीक्षण किया। साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने मंत्री का स्वागत अंगवस्त्रम और पुस्तकें भेंट करके किया।

मेघवाल ने पहले साहित्य अकादेमी के उपस्थित कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उसके बाद सचिव द्वारा अकादेमी के बारे में पावर पॉइंट प्रजेंटेशन दिया गया जिसके अंतर्गत साहित्य अकादेमी की गतिविधियों, उसकी उपलब्धियों एवं साहित्य अकादेमी द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

संस्कृति मंत्री ने प्रस्तुति को ध्यानपूर्वक देखा और समय-समय पर अपनी महत्त्वपूर्ण राय से अवगत कराया। उन्होंने साहित्य अकादेमी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले कार्यक्रम ग्रामालोक की प्रशंसा करते हुए इसे और व्यापक बनाने तथा पुस्तक प्रदर्शनी की संख्या बढ़ाने के लिए कहा।

संस्कृति मंत्री ने स्वाधीनता के अमृत महोत्सव को व्यापक रूप से पूरे देश में आयोजित करने का भी निर्देश दिया। साहित्य अकादेमी में लगभग 3 घंटे तक रहे और अकादेमी की बुक शॉप और सभागार आदि का भी निरीक्षण किया।

# पद संभालने के बाद साहित्य अकादेमी पहुंचे संस्कृति राज्य मंत्री मेघवाल, तीन घंटे तक किया पूरा निरीक्षण


संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने साहित्य अकादेमी का निरीक्षण किया.

**Sahitya Academy:** संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने साहित्य अकादेमी का निरीक्षण किया. अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने मंत्री का स्वागत अंगवस्त्रम और पुस्तकें भेंट करके किया. अकादेमी के उपस्थित कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उसके बाद सचिव की ओर से अकादेमी के बारे में पावर पॉइंट प्रजेंटेशन दिया गया.

- NEWS18 HINDI
- LAST UPDATED:

SHARE THIS:

नई दिल्ली. केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल (Arjun Ram Meghwal) ने साहित्य अकादेमी का निरीक्षण किया. अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने मंत्री का स्वागत अंगवस्त्रम और पुस्तकें भेंट करके किया.

# संस्कृति राज्य मंत्री ने किया साहित्य अकादमी का निरीक्षण

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शुक्रवार को साहित्य अकादमी का निरीक्षण करने पहुंचे जहां अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने अंगवस्त्रम और पुस्तकें भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्हें अकादमी के बारे में पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से साहित्य अकादमी की गतिविधियों, उसकी उपलब्धियों एवं साहित्य अकादमी द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। प्रजेंटेशन को देखने के बाद मंत्री ने अकादमी को अपने सुझाव भी दिए। उन्होंने साहित्य अकादमी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले कार्यक्रम 'ग्रामालोक' की सराहना करते हुए इसे और व्यापक बनाने तथा पुस्तक प्रदर्शनी की संख्या बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने स्वाधीनता के अमृत महोत्सव को व्यापक रूप से पूरे देश में आयोजित करने का भी निर्देश दिया।

# साहित्य अकादमी का निरीक्षण किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को साहित्य अकादमी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अकादमी के सचिव के श्रीनिवासराव ने अकादमी के बारे में पावर पॉइंट प्रजेंटेशन दिया गया जिसके अंतर्गत साहित्य अकादमी की गतिविधियों, उसकी उपलब्धियों एवं अकादमी द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

# संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने साहित्य अकादेमी का निरीक्षण किया



नई दिल्ली। संस्कृति राज्य मंत्री भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को साहित्य अकादेमी का निरीक्षण किया। साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने मंत्री का स्वागत अंगवस्त्रम और पुस्तकें भेंट करके किया। मंत्री ने पहले साहित्य अकादेमी के उपस्थित कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उसके बाद सचिव द्वारा अकादेमी के बारे में पावर पॉइंट प्रजेंटेशन दिया गया जिसके अंतर्गत साहित्य अकादेमी की गतिविधियों, उसकी उपलब्धियों एवं साहित्य अकादेमी द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। मंत्री ने प्रस्तुति को ध्यानपूर्वक देखा और समय-समय पर अपनी महत्तवपूर्ण राय से अवगत कराया। उन्होंने साहित्य अकादेमी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले कार्यक्रम ग्रामालोक की प्रशंसा करते हुए इसे और व्यापक बनाने तथा पुस्तक प्रदर्शनी की संख्या बढाने के लिए कहा। मंत्री ने स्वाधीनता के अमृत महोत्सव को व्यापक रूप से पूरे देश में आयोजित करने का भी निर्देश दिया। मंत्री साहित्य अकादेमी में लगभग 3 घंटे तक रहे और अकादेमी की बुक शॉप और सभागार आदि का भी निरीक्षण किया।